XSC-ECO-(OPT.)-SC

| ECO |
|---|
| Science/Commerce |

Total No. of Pages : 36

पृष्ठों की कुल संख्या : 36

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

# ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2025

# ECONOMICS

## ( Optional )

Total Time : 3 Hours 15 minute | Full Marks : 80

कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट | पूर्णांक : 80

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A and Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30 marks** and **Part-B** is of Subjective Type having **50 marks**.

   **भाग-A** में **30** अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा **भाग-B** में **50** अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।

4. **Part-A** — There are **30** Multiple Choice Questions having four (4) options ( A, B, C & D ). The candidate has to write the correct option in the Answer Booklet. *All* questions are compulsory. Each question carries **1** mark. There is no negative marking for wrong answer.

भाग-**A** — इसमें **30** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके 4 विकल्प ( A, B, C तथा D ) हैं। परीक्षार्थी को उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटा नहीं जाएगा।

5. **Part-B** — There are *three* sections : **Section-A, B** & **C**.

This part is of Subjective Type having Very Short Answer, Short Answer & Long Answer Type questions. Total number of questions is **22**.

**Section-A** — Question Nos. **31-38** are Very Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **2** marks.

**Section-B** — Question Nos. **39-46** are Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **3** marks. Answer the questions in maximum 150 words each.

**Section-C** — Question Nos. **47-52** are Long Answer Type. Answer any **4** questions. Each question carries **5** marks. Answer the questions in maximum 250 words each

**भाग-B** — इस भाग में तीन खण्ड — खण्ड-**A, B** तथा **C** हैं। इस भाग में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रकार के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। कुल प्रश्नों की संख्या **22** है।

**खण्ड-A** — प्रश्न संख्या **31-38** अति लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

**खण्ड-B** — प्रश्न संख्या **39-46** लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

**खण्ड-C** — प्रश्न संख्या **47-52** दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

6. Candidates are required to answer in their own words as far as practicable.

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

7. ***Candidate has to hand over his/her Answer Booklet to the Invigilator compulsorily before leaving the examination hall.***

परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ने के पहले अपनी उत्तर-पुस्तिका वीक्षक को अनिवार्य रूप से लौटा दें।

8. Candidates can take away the Question Booklet after completion of the Examination.

परीक्षा समाप्त होने के उपरांत परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ लेकर जा सकते हैं।

## Part-A

## भाग-A

### ( Multiple Choice Type Questions )

### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

Question Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* options. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each question carries 1 mark. $1 \times 30 = 30$

प्रश्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। $1 \times 30 = 30$

1. When the opportunity cost of producing goods in an economy is constant then what will be the shape of Production Possibility Curve (PPC) ?

(A) A straight line (B) Concave to the origin

(C) Convex to the origin (D) Inverted 'S' shaped

जब अर्थव्यवस्था में एक वस्तु के उत्पादन की अवसर लागत स्थिर हो तो उत्पादन संभावना वक्र (PPC) का आकार क्या होगा ?

(A) एक सरल रेखा (B) मूलबिन्दु की ओर अवतल

(C) मूलबिन्दु की ओर उत्तल (D) उल्टे 'S' आकार का

2. Which of the following statements is related to positive economics ?

(A) Unemployment allowances should be given to unemployed by Govt.

(B) The quantity of demand of a supplied good increases with increase in its price

(C) In order to stop inflation bank rate should be increased

(D) All of these

निम्नलिखित में से किस कथन का संबंध सकारात्मक अर्थशास्त्र से है ?

(A) सरकार को बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देनी चाहिए

(B) किसी वस्तु की कीमत बढ़ने से उसकी माँग की मात्रा बढ़ जाती है

(C) मुद्रास्फीति को रोकने के लिए बैंक दर में वृद्धि करनी चाहिए

(D) इनमें से सभी

3. In which type of economy are economic activities organised by private people or institution ?

(A) Capitalist economy

(B) Mixed economy

(C) Centrally planned economy

(D) Market economy

किस प्रकार की अर्थव्यवस्था में आर्थिक क्रियाकलापों का आयोजन निजी व्यक्तियों / संस्था के द्वारा होता है ?

(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था

(B) मिश्रित अर्थव्यवस्था

(C) केन्द्रीयकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

(D) बाजार अर्थव्यवस्था

4. Which of the following curves is negatively sloped ?

(A) Supply curve

(B) Budget line

(C) Total utility curve

(D) Total cost curve

निम्नलिखित में से किस वक्र की ढाल ऋणात्मक होती है ?

(A) पूर्ति वक्र

(B) बजट रेखा

(C) कुल उपयोगिता वक्र

(D) कुल लागत वक्र

5. Which of the following goods can have elastic demand ?

(A) Soap

(B) Cloth

(C) Food items

(D) Luxury car

निम्नलिखित में से किस वस्तु की माँग लोचदार हो सकती है ?

(A) साबुन

(B) कपड़ा

(C) खाद्य पदार्थ

(D) लक्जरी कार

6. There is .................. in demand for a good due to an increase in price.

(A) expansion (B) increase

(C) decrease (D) contraction

किसी वस्तु की कीमत में वृद्धि होने पर उस वस्तु की माँग में ........... होता है।

(A) विस्तार (B) वृद्धि

(C) कमी (D) संकुचन

7. The demand for a good used for many purposes is

(A) perfectly elastic (B) inelastic

(C) elastic (D) all of these

जिस वस्तु का प्रयोग अनेको उद्देश्यों के लिए होता है, उस वस्तु की माँग होती है

(A) पूर्णतया लोचदार

(B) बेलोचदार

(C) लोचदार

(D) इनमें से सभी

8. The slope of isoquant is

(A) positive

(B) zero

(C) infinity

(D) negative

समोत्पाद रेखा की ढाल होती है

(A) धनात्मक

(B) शून्य

(C) अनंत

(D) ऋणात्मक

9. Which of the following is not an example of a variable cost ?

(A) Cost of raw material

(B) Rent for building

(C) Per unit electricity bill

(D) Commission

निम्नलिखित में से परिवर्ती लागत का एक उदाहरण कौन-सा नहीं है ?

(A) कच्चे माल की लागत

(B) मकान का किराया

(C) प्रति इकाई बिजली बिल

(D) कमीशन

10. Consider the following production function :

| Factor | Unit | Output | Factor | Unit | Output |
|---|---|---|---|---|---|
| Labour | 4 | 25 | Labour | 12 | 75 |
| Capital | 7 | | Capital | 21 | |

Which type of 'return to scale' is obtained by this function ?

(A) Constant return to scale

(B) Diminishing return to scale

(C) Increasing return to scale

(D) None of these

निम्नलिखित उत्पादन फलन पर विचार कीजिए :

| साधन | इकाई | उत्पादन | साधन | इकाई | उत्पादन |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रम | 4 | 25 | श्रम | 12 | 75 |
| पूँजी | 7 | | पूँजी | 21 | |

इस फलन द्वारा किस प्रकार का 'पैमाने का प्रतिफल' प्राप्त हो रहा है ?

(A) पैमाने का स्थिर प्रतिफल (B) पैमाने का ह्रासमान प्रतिफल

(C) पैमाने का वर्धमान प्रतिफल (D) इनमें से कोई नहीं

11. Average product and Marginal product of variable factor are equal when

(A) Average product is maximum

(B) Average product increases

(C) Marginal product is maximum

(D) Marginal product is zero

परिवर्ती साधन का औसत उत्पाद और सीमांत उत्पाद बराबर होता है जब

(A) औसत उत्पाद अधिकतम होता है

(B) औसत उत्पाद बढ़ता है

(C) सीमांत उत्पाद अधिकतम होता है

(D) सीमांत उत्पाद शून्य होता है

12. The equilibrium condition of a firm in perfect competitive market is

(A) AR = AC
(B) AR = MR
(C) MR = AC
(D) MR = MC

पूर्ण प्रतिस्पर्धा बाजार में एक फर्म के संतुलन की शर्त है

(A) AR = AC
(B) AR = MR
(C) MR = AC
(D) MR = MC

13. If the quantity supplied is increased by 8% due to an increase of 5% in price, then what will be the value of price elasticity of supply ?

(A) 5
(B) 1·6
(C) 8
(D) 0·63

यदि किसी वस्तु की कीमत में 5% की वृद्धि करने से उसकी पूर्ति की मात्रा में 8% की वृद्धि होती है तो पूर्ति की कीमत लोच का मान क्या होगा ?

(A) 5 (B) 1·6

(C) 8 (D) 0·63

14. Due to increase in supply of a good in a market, the price of the good

(A) decreases (B) increases

(C) remains unchanged (D) either increase or decrease

किसी वस्तु की पूर्ति बढ़ने से वस्तु की कीमत में

(A) कमी होती है (B) वृद्धि होती है

(C) कोई परिवर्तन नहीं होता (D) कमी या वृद्धि हो सकती है

15. On the basis of following table, what is the equilibrium price ?

| Price | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Demand | 50 | 45 | 40 | 35 | 30 | 25 | 20 | 15 | 10 |
| Supply | 22 | 24 | 26 | 28 | 30 | 32 | 34 | 36 | 38 |

(A) 4
(B) 7
(C) 5
(D) 30

निम्नलिखित तालिका के आधार पर बताइए कि संतुलन कीमत क्या है :

| कीमत | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माँग | 50 | 45 | 40 | 35 | 30 | 25 | 20 | 15 | 10 |
| पूर्ति | 22 | 24 | 26 | 28 | 30 | 32 | 34 | 36 | 38 |

(A) 4
(B) 7
(C) 5
(D) 30

16. What is the meaning of 'MACRO' in macroeconomics ?

(A) Large
(B) Small
(C) Parallel
(D) All of these

समष्टि अर्थशास्त्र में 'समष्टि' शब्द का क्या अर्थ है ?

(A) बड़ा

(B) छोटा

(C) समांतर

(D) इनमें से सभी

17. In the situation of inflation

(A) prices of goods decrease

(B) prices of goods increase

(C) value of money increases

(D) production decreases

मुद्रास्फीति की स्थिति में

(A) वस्तुओं की कीमतों में कमी आती है

(B) वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होती है

(C) मुद्रा का मूल्य बढ़ जाता है

(D) उत्पादन में कमी होती है

18. What is the remuneration of capital called ?

(A) Profit
(B) Wage
(C) Rent
(D) Interest

पूँजी के पारिश्रमिकी को क्या कहा जाता है ?

(A) लाभ
(B) मजदूरी
(C) लगान
(D) ब्याज

19. Who is the author of the book 'The Wealth of Nation' ?

(A) Adam Smith (B) J. M. Keynes

(C) J. B. Say (D) Manmohan Singh

'द वेल्थ ऑफ नेशन' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) एडम स्मिथ (B) जे. एम. केन्स

(C) जे. बी. से (D) मनमोहन सिंह

20. What is National Income ?

(A) Gross Domestic Product at Factor Cost

(B) Net National Product at Market Price

(C) Net National Product at Factor Cost

(D) All of these

राष्ट्रीय आय क्या है ?

(A) साधन लागत पर सकल घरेलू उत्पाद

(B) बाजार कीमत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

(C) साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

(D) इनमें से सभी

21. Which of the following is an activity of primary sector ?

(A) To produce wheat

(B) To prepare wheat flour

(C) To sell flour in the market

(D) None of these

निम्नलिखित में से प्राथमिक क्षेत्रक की एक गतिविधि कौन-सी है ?

(A) गेहूँ उपजाना

(B) गेहूँ से आटा तैयार करना

(C) आटे को बाजार में बेचना

(D) इनमें से कोई नहीं

22. Which is included in inventories ?

(A) Unsold finished goods

(B) Raw materials

(C) Semi-finished goods

(D) All of these

माल-सूची में क्या सम्मिलित होता है ?

(A) अबिक्रित निर्मित वस्तु

(B) कच्चे माल

(C) अर्धनिर्मित वस्तु

(D) इनमें से सभी

23. What is the difference between GNP and NNP called ?

(A) Depreciation

(B) Undistributed profit

(C) Net factor income from abroad

(D) Net indirect tax

GNP तथा NNP का अंतर क्या होता है ?

(A) मूल्य ह्रास

(B) अवितरित लाभ

(C) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय

(D) शुद्ध अप्रत्यक्ष कर

24. Which of the following banks does not accept deposits from the public ?

(A) Jharkhand Rajya Gramin Bank

(B) Bank of India

(C) State Bank of India

(D) Reserve Bank of India

निम्नलिखित में से कौन-सा बैंक आम जनता से जमा स्वीकार नहीं करता है ?

(A) झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक (B) बैंक ऑफ इंडिया

(C) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

5. Which bank issues currency in India ?

(A) Central Bank of India (B) State Bank of India

(C) Bank of India (D) Reserve Bank of India

भारत में मुद्रा निर्गमन का कार्य कौन-सा बैंक करता है ?

(A) सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (B) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(C) बैंक ऑफ इंडिया (D) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया

26. What is called the ratio of change in investment and change in income called ?

(A) Marginal Propensity to Consume (MPC)

(B) Multiplier

(C) Average Propensity to Consume (APC)

(D) All of these

निवेश में परिवर्तन और आय में परिवर्तन का अनुपात क्या कहलाता है ?

(A) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) (B) गुणक

(C) उपभोग की औसत प्रवृत्ति (APC) (D) इनमें से सभी

27. If Marginal Propensity to Consume (MPC) in an economy is 0·6, then what will be the value of Marginal Propensity to Save (MPS) ?

(A) 0·6 (B) 0·4

(C) 2·5 (D) 1·7

यदि किसी अर्थव्यवस्था में उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) 0·6 है तो बचत की सीमांत प्रवृत्ति (MPS) का मान क्या होगा ?

(A) 0·6 (B) 0·4

(C) 2·5 (D) 1·7

8. Which of the following is an example of capital receipt of government ?

(A) Direct Tax (B) Fine

(C) Debt (D) Duty

निम्नलिखित में से सरकार की पूँजीगत प्राप्ति का एक उदाहरण कौन-सा है ?

(A) प्रत्यक्ष कर (B) जुर्माना

(C) कर्ज (D) शुल्क

29. What is balanced budget ?

(A) Receipt > Expenditure

(B) Expenditure > Receipt

(C) Receipt < Expenditure

(D) Receipt = Expenditure

संतुलित बजट क्या है ?

(A) प्राप्तियाँ > व्यय

(B) व्यय > प्राप्तियाँ

(C) प्राप्तियाँ < व्यय

(D) प्राप्तियाँ = व्यय

30. If the volume of import and export of a country in a year are respectively Rs. 250 crore and Rs. 300 crore, what is the trade balance ?

(A) Rs. 200 crore (B) Rs. 300 crore

(C) Rs. 50 crore (D) Rs. – 50 crore

एक वर्ष में एक देश केवल वस्तुओं के व्यापार के दौरान 250 करोड़ रुपये का आयात तथा 300 करोड़ रुपये का निर्यात करता है। व्यापार संतुलन क्या है ?

(A) 200 करोड़ रुपये (B) 300 करोड़ रुपये

(C) 50 करोड़ रुपये (D) – 50 करोड़ रुपये

# Part-B

# भाग-B

## ( Subjective Type Questions )

## ( विषयनिष्ठ प्रश्न )

## Section – A

## खण्ड – A

### ( Very short answer type questions )

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. $2 \times 6 = 12$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

31. What is called market economy ? Give an example.

बाजार अर्थव्यवस्था किसे कहा जाता है ? एक उदाहरण दीजिए।

32. Why is indifference curve convex to the origin ?

उदासीनता वक्र मूल बिन्दु की ओर उत्तल क्यों होता है ?

33. What is marginal cost ? If the cost of producing 10 units of a good is Rs. 60, and that of 11 units is Rs. 75, then what will be its marginal cost ?

सीमांत लागत क्या है ? यदि किसी वस्तु की 10 इकाई उत्पादन की लागत 60 रुपये तथा 11 इकाई उत्पादन की लागत 75 रुपये है तो इसकी सीमांत लागत क्या होगी ?

34. What will happen if there is equal increment in demand and supply of a good in the market ?

क्या होगा जब बाजार में किसी वस्तु की माँग तथा पूर्ति में एक समान वृद्धि हो ?

35. What do you mean by household sector ?

पारिवारिक क्षेत्र से आप क्या समझते हैं ?

36. If the cash reserve ratio is 25%, then calculate the value of money multiplier.

यदि नकद आरक्षित अनुपात 25% है तो मुद्रा गुणक का मान ज्ञात कीजिए।

37. What are capital receipts of a government ?

सरकार की पूँजीगत प्राप्तियाँ क्या होती हैं ?

38. What do you mean by open economy ?

खुली अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं ?

## Section – B

## खण्ड – B

### ( Short answer type questions )

### ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each.

$3 \times 6 = 18$

किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. Write the main items of capital account of balance of payments.

भुगतान संतुलन के पूँजी खाते के मुख्य मदों को लिखिए।

40. What are revenue receipts ? To what extent are these different from capital receipts ?

राजस्व प्राप्तियाँ क्या हैं ? यह पूँजीगत प्राप्तियों से किस प्रकार भिन्न होती हैं ?

41. What is 'open market operation' ? With the help of this policy how does central bank control credit ?

'खुली बाजार कार्रवाई' क्या है ? केन्द्रीय बैंक इस नीति से किस प्रकार साख पर नियंत्रण करती है ?

42. What is national income ? List any four items not included in national income accounting.

राष्ट्रीय आय क्या है ? राष्ट्रीय आय लेखा में शामिल नहीं किये जाने वाले किन्हीं चार मदों को सूचीबद्ध कीजिए।

43. Explain with suitable diagram, due to fall in demand for a good in market the price of that good falls.

रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए कि बाजार में किसी वस्तु की माँग घटने से उस वस्तु की कीमत घट जाती है।

44. Explain the geometric method of measuring elasticity of supply.

पूर्ति की लोच को मापने की ज्यामितीय विधि का वर्णन कीजिए।

45. Define average product. How is it related with marginal product ?

औसत उत्पाद को परिभाषित कीजिए। यह सीमांत उत्पाद से किस प्रकार संबंधित है ?

46. Explain total outlay method of measuring price elasticity of demand.

माँग की कीमत लोच मापने की कुल व्यय विधि की व्याख्या कीजिए।

## Section – C

## खण्ड – C

**( Long answer type questions )**

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. 5 × 4 = 20

किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. Explain the factors affecting elasticity of demand.

माँग की लोच को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

48. What is production function ? When does a production function show increasing returns to scale ? Illustrate with an example.

उत्पादन फलन क्या है ? एक उत्पादन फलन कब पैमाने के वर्धमान प्रतिफल को प्रदर्शित करता है ? उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।

49. Explain the characteristics of perfect competition market. Write down the conditions of equilibrium of a firm in perfect competition.

पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म के संतुलन की शर्तों को लिखिए।

50. "GDP cannot be the measurement of welfare of a country." Do you agree with this statement ? Give reasons in support your answer.

''जीडीपी देश के कल्याण का सही माप नहीं हो सकता है।'' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

51. How do commercial banks create credit ? Explain.

व्यावसायिक बैंक साख का सृजन किस प्रकार करते हैं ? व्याख्या कीजिए।

52. What effect will the following changes have on the equilibrium of the economy ? Explain with a diagram.

a) Decline in marginal propensity to consume

b) Increase in autonomous consumption.

अर्थव्यवस्था के संतुलन पर निम्नलिखित परिवर्तनों का क्या प्रभाव पड़ेगा ? रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए।

a) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति में कमी

b) स्वायत्त उपभोग में वृद्धि।